Examination for Recruitment of Veterinary Surgeon

***109 SH. BHARAT BHUSHAN BATRA, M.L.A. (Rohtak):**

Will the Animal Husbandry & Dairying Minister be pleased to state:-

a) the number of posts advertised by the Government for the recruitment of the Veterinary Surgeon as per the advertisement no. 41/2022;

b) the number of the students who have passed the examination of the Veterinary Surgeon; and

c) the reasons for which the abovesaid examination has not been cancelled in spite of having many wrong answers in the answer key of Veterinary Surgeon exam togetherwith the details thereof?

Jai Parkash Dalal, Animal Husbandry & Dairying Minister:

Sir,

a) On 09.12.2022 the Haryana Public Service Commission advertised a total of 383 posts of Veterinary Surgeons from candidates having minimum qualification of B.V.Sc & A.H.

b) the Hon'ble Punjab and Haryana High Court in its interim order on 09.02.2023 in CWP No. 2710 of 2023 stayed the declaration of the result till next date of hearing i.e. 13.03.2023. However, on 13.03.2023 the case was not heard and next date of hearing has been fixed on 18.10.2023 by the Hon'ble Court; and

c) the written examination was conducted on 15.01.2023 by Haryana Public Service Commission and as per existing system followed by the Commission, the Model Answer key was uploaded on the Commission's website for inviting objections regarding wrong Questions/Answers. After receipt of objections, the Commission sends the same to the Committee of Experts and final Answer Key is prepared as per the expert opinion.

पशु शल्य चिकित्सक की भर्ती के लिए परीक्षा

***109 श्री भारत भूषण बत्तरा, विधायक (रोहतक):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) पशु शल्य चिकित्सक की भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या-41/2022 के अनुसार सरकार द्वारा विज्ञापित किए गए पदों की संख्या कितनी है;

ख) पशु शल्य चिकित्सक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या कितनी है; तथा

ग) पशु शल्य चिकित्सक परीक्षा की उत्तर कुंजी में अनेक गलत उत्तर होने के बावजूद उपरोक्त परीक्षा को निरस्त न किए जाने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

जय प्रकाश दलाल, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री

श्रीमान् जी,

क) दिनांक 09.12.2022 को हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा बी°वी°एस°सी° और ए°एच° की न्यूनतम योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए कुल 383 पशुचिकित्सको के पदों का विज्ञापन जारी किया गया था।

ख) माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने वर्ष 2023 की याचिका संख्या 2710 में दिनांक 09.02.2023 को अंतरिम आदेश द्वारा सुनवाई की आगामी तिथि 13.03.2023 तक परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी थी। हालांकि, दिनांक 13.03.2023 को केस की सुनवाई न होने पर सुनवाई की आगामी तिथि 18.10.2023 निश्चित की गई है।

ग) हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा पशुचिकित्सकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा दिनांक 15.01.2023 को आयोजित की गई थी तथा आयोग द्वारा अपनाई जाने वाली मौजूदा प्रणाली अनुसार गलत प्रश्नों/उत्तरों के संबंध में आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए मॉडल उत्तर कुंजी को आयोग की वेबसाईट पर अपलोड किया गया था। आपत्तियां प्राप्त होने के बाद, आयोग द्वारा उन्हें विशेषज्ञों की समिति को भेजा जाता है तथा विशेषज्ञों की राय अनुसार अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की जाती है।